हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक

# भव्य प्रभात

खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 17, अंक 126 | 04 मई 2024 शनिवार हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/-रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये


### राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली से नामांकन भरने पर पीएम मोदी का तंज

# 'डरो मत, भागो मत'




कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के बर्धमान में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह केवल जनता की सेवा का संकल्प लेकर, महान भारत माता के 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान में हुंकार भरी। चुनाव प्रचार के दौरान यहां उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। इस रैली में पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए बताया कि वह जनता की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनका सपना केवल जनता के सपनों को पूरा करना है। इस रैली में पीएम मोदी ने राहुल गांधी के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी डर के कारण रायबरेली भाग गए। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद से कहा, श्डरो मत, भागो मतश्। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ष्मुझे देश ने और आप सबने इतना आशीर्वाद दिया है। शायद कोई इंसान अपने जीवन में ऐसी कल्पना तक नहीं कर सकता है कि ईश्वर रूपी जनता जनार्दन इतने आशीर्वाद बरसाएं और लगातार बरसाएं और वर्षों से ये आशीर्वाद बढ़ता ही जा रहा है। जीवन में इससे बड़ा संतोष क्या होता है।ष उन्होंने आगे कहा, ष्मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं और न ही मैं खुद के लिए जीना नहीं चाहता हूं।

### विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

● विपक्षी पार्टियों टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन पार्टियों के पास विजन नहीं है। उन्होंने लेफ्ट पर पड़ोसी राज्य त्रिपुरा को तबाह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, लेफ्ट, कांग्रेस और टीएमसी किसी राज्य का क्या हाल कर सकती हैं, ये आप अच्छी तरह जानते हैं। यहां पास में ही त्रिपुरा लेफ्ट वालों ने तबाह कर रखा था। लेकिन पिछले पांच साल में भाजपा ने पूरे त्रिपुरा की जिंदगी बदल दी। लेफ्ट वाले गए तो विकास का सूरज उगने लगा।

**● पूरे देश में 15 सीट भी नहीं जीत सकती टीएमसी, कृष्णानगर में बोले पीएम मोदी– कोई सरकार बना सकता है, तो वो सिर्फ एनडीए है**

मैं केवल आपकी सेवा का संकल्प लेकर, महान भारत माता के 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं। मोदी विकसित भारत बनाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन–रात एक किए हुए है। ये मैं अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए कर रहा हूं। मेरे अपने मतलब – मेरा भारत, मेरा परिवार। आपके सपनों के लिए संकल्प लेकर जी रहा हूं।ष विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना विपक्षी पार्टियों टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन पार्टियों के पास विजन नहीं है। उन्होंने लेफ्ट पर पड़ोसी राज्य त्रिपुरा को तबाह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ष्लेफ्ट, कांग्रेस और टीएमसी किसी राज्य का क्या हाल कर सकती हैं, ये आप अच्छी तरह जानते हैं। यहां पास में ही त्रिपुरा लेफ्ट वालों ने तबाह कर रखा था। लेकिन पिछले पांच साल में भाजपा ने पूरे त्रिपुरा की जिंदगी बदल दी। लेफ्ट वाले गए तो विकास का सूरज उगने लगा।ष टीएमसी को घेरते हुए पीएम मोदी ने बताया, ष्मैंने कल टीवी पर देखा कि यहां बंगाल में टीएमसी के एक विधायक ने सरेआम धमकी दी। वो कह रहे थे कि ष्हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी में बहा देंगेष। ये कौन सी भाषा है? बंगाल में टीएमसी की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उदघोष से भी इन्हें आपत्ति है। इनको राम मंदिर के निर्माण से आपत्ति है, रामनवमी की शोभायात्रा से आपत्ति है।ष पीएम मोदी ने संदेशखाली मुद्दे को लेकर भी टीएमसी सरकार को सवालों के घेरे में लिया। उन्होंने कहा, ष्मैं तृणमूल सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ। पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन टीएमसी गुनहगार को बचाती रही। क्या सिर्फ इसलिए, क्योंकि उस गुनाहगार का नाम शाहजहां शेख था।ष राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर पीएम मोदी राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली से नामांकन भरने पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। बर्धमान में रैली को संबोधित करते हुए।

# राहुल गांधी ने किया नामांकन




**● कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के अलावा प्रियंका और सोनिया रहीं मौजूद**

**● राहुल के सामने होंगे भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप**

लखनऊ,(एजेंसी)। राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। 2004 से इस सीट पर सोनिया गांधी सांसद रही हैं। इस बार सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए चुनी जा चुकी हैं। राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। आज सुबह ही कांग्रेस के द्वारा अमेठी और रायबरेली के लिए सीटों की घोषणा की गई थी। राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे। आज सुबह ही राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। भारी भीड़ इस जुलूस में शामिल रही। पहले राहुल गांधी को इस पूजा में शामिल होना था और एक रथनुमा खुले ट्रक में सवार होकर नामांकन करने जाना था लेकिन नामांकन में देर होता देख वह सीधे अपनी बंद गाड़ी से ही निकल गए। जुलूस में दिखा भारी उत्साह राहुल गांधी का नामांकन जुलूस हाथी पार्क स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय से निकला। फिरोज गांधी चौराहा से होते हुए जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर था। कांग्रेसी राहुल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात कहते रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे। राहुल के सामने होंगे भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप हाई प्रोफाइल रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह लगातार दूसरी बार गांधी परिवार के सामने होंगे। राहुल गांधी के नामांकन के कुछ देर पहले ही दिनेश प्रताप सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। 2019 में दिनेश प्रताप सिंह सोनिया गांधी के सामने चुनाव लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस को कभी टक्कर दी थी लेकिन चुनाव हार गए थे। 2018 में दिनेश प्रताप सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सोनिया गांधी को 5,31,918 मत मिले थे। भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को 3,67,740 मत मिले थे। दिनेश प्रताप 1,64,178 मतों से हार गए थे, लेकिन उन्होंने सोनिया गांधी के जीत के अंतर को कम कर दिया था। सोनिया गांधी ने किया अपना वादा पूरा सांसद सोनिया गांधी ने राज्यसभा में जाने से पहले रायबरेलीवासियों के नाम मार्मिक पत्र लिखा था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।

# भाजपा धन बल से लड़ती है, हम जनता के बल पर लड़ेंगे: प्रियंका गांधी




अमेठी,(एजेंसी)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेठी कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा धनबल से चुनाव लड़ती है। हम जनता के बल पर चुनाव लड़ेंगे। अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को अमेठी के कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के बारे में कहा कि किशोरी लाल जी अमेठी के गांव–गांव को जानते हैं। सभी को पहचानते हैं और लंबे समय से यहां का कामकाज देख रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी उन्हें जीत दिलाएंगे। हम अमेठी में सच्चाई की राजनीति के लिए आए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओ का हालचाल पूछा और उनसे जीत के लिए काम करने की अपील भी की। प्रियंका ने कहा कि भाजपा के लोग धनबल से चुनाव लड़ते हैं हम जनता के बल पर लड़कर जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि ये आपका चुनाव है आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे। बता दें कि लंबे इंतजार के बाद नामांकन के आखिरी दिन तय हुआ कि किशोरी लाल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे।

# बीएसफ जवानों की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 17 जवान घायल

रायगढ़,(एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में 17 जवान घायल हो गये, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है।

# लोकतंत्र की रक्षा-वोट से सुरक्षा



## सोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स ज्यादा वोटिंग के लिए लगातार चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान

(भव्य प्रभात)
हाथरस, लोकतंत्र की रक्षा–वोट से सुरक्षा, हाथरस वासियों का संकल्प–100 फीसदी मतदान है विकल्प,

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के तत्वावधान में 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के चुनावों मे ज्यादा से ज्यादा वोटिंग के लिए मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान लगातार चलाया जा रहा है

एडीएचआर ने आज मण्डी समिति में अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि 7 मई छुट्टी का दिन नहीं है लोकतंत्र की रक्षा का दिन है हमारा दायित्व बनता है कि सबसे पहले अपना और अपने परिवार का वोट डाले इसके बाद आस–पडोस,इष्ट–मित्रों व रिश्तेदारों का वोट पड बायें

क्षेत्र के पांच वर्षो की समस्या का समाधान व विकास के लिए वोट डालना है अच्छी सरकार को चुनने के वोट डालना है राष्ट्र के विकास,समृद्धि,एकता, अखंडता और मजबूत राष्ट्र के लिए वोट करना है अपनी बुद्धि और विवेक का उपयोग कर अच्छे उम्मीदवार को वोट करना है

हस्ताक्षर अभियान में राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेन्द्र गोयल, राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय, जिलाध्यक्ष डा.पी.पी.सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, जिला प्रवक्ता राजेश वार्ष्णेय, शैलेंद्र सांवलिया, भानु प्रकाश वार्ष्णेय,अमन बंसल, उमाशंकर वार्ष्णेय, मुकेश बंसल आदि उपस्थित रहे है

# ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया

सिकन्द्राराराऊ।ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। ग्रामीणों ने इसे लेकर प्रदर्शन भी किया। ग्रामीणों का कहना है कि यहां नेताओं को बोट लेने के लिए तो ग्रामीणों की याद आती है लेकिन उसके बाद कोई मुड़कर नहीं देखता। विकास कार्यों के लिए उच्चाधिकारियों से भी मिले, लेकिन अधिकारियों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। सिकंद्राराऊ क्षेत्र के गांव नगला मसंद में विकास कार्य न होने से गांव वालों में नाराजगी है। गांव में नाली का भी आज तक निर्माण नहीं हुआ। खरंजा भी ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर कराया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है गांव में जलभराव है इसकी वजह से रोजाना दुर्घटना का डर रहता है। छोटे–छोटे बच्चे कीचड़ में होकर रोजाना पड़ने के लिए जाते हैं। ग्रामीणों ने राजनेताओं पर और ज्यादा गंभीर आरोप लगाए और बोले कि पोट के समय तो इन्हें मतदाताओं की याद आती है लेकिन उसके बाद यह मतदाताओं को भूल जाते हैं। जब वोट देने से कोई लाभ ही नहीं मिल रहा तो फिर वोट देने का फायदा क्या। इसलिए इस बार लोकसभा चुनाव में गांव के लोग मतदान नहीं करेंगे। कुछ ग्रामीणों ने अपने हाथ में इस बार 400 पार नहीं बहिष्कार जैसे पोस्टर ले रखे थे। इस मौके पर महिलाएं भी शामिल थीं। विकास कार्य न होने पर कई गांव के लोग मतदान न करने की चेतावनी दे चुके हैं। अधिकारी रोजाना उनके यहां चक्कर लगा रहे हैं और उन्हें मतदान के लिए राजी कर रहे हैं।

# दिमागी रूप से कमजोर लापता किशोर का नही लगा सुराग

हाथरस। सादाबाद क्षेत्र के गांव गढ़ी भगता के रहने वाले व्यक्ति ने बेटे के लापता होने के मामले में पुलिस को शिकायत दी है। गांव गढ़ी भगता निवासी अर्जुन सिंह पुत्र श्याम सुंदर ने शिकायत देते हुए बताया है कि उसका 16 वर्षीय बेटा वीकेश 26 अप्रैल सुबह 11 बजे घर से निकला था, जो अभी तक लौटकर नहीं आया है। बीकेश दिमागी रूप से कमजोर है। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे है लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं बला है। किशोर के गायब होने से परिवार के लोग परेशान है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंम्भ

हाथरस। अलीगढ़ रोड स्थित प्राचीन नवग्रह मंदिर के पीछे रामेश्वर धाम बगीची पर आज भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंम्भ धूमधाम के साथ हो गया। कलश यात्रा निकलने से पूर्व परिकार सहित आयोजक गए वेदी भाजपाईयों व के आयोजकगणों पूजन आचार्य पं० रमेश, पं० अमित मिश्र के आर्चत्व में विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कलश यात्रा प्राचीन कैलाश महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भ्रमण करती हुई कथा स्थल पर विश्राम हुई। यात्रा में मुख्य रूप से पीत वस्त्र धारण कियें हुए महिलाऐं सिर पर कलश रखे आकर्षण का केंद्र थी। कथा के प्रवक्ता परम पूज्य विष्णु दत्त मिश्रा (सरस) ने कथा का सार बताते हुए कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा का बहुत बड़ा महत्व है। इस अवसर पर पं० पुरुषोत्तम देव मिश्र, नरेन्द्र, योगेश, ऋषि, अजय, वीरेन्द्र, मुकेश, प्रदीप, अनिल, पं० मोहित शास्त्री, ब्रजेश उपस्थित रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय में चयन पर विद्यालय स्टाफ ने छात्रा एवं माता को किया सम्मानित

हाथरस। सासनी की बसई काजी संविलयन विद्यालय की कक्षा छह की छात्रा को अटल आवासीय विद्यालय में चयन होने के बाद विद्यालय स्टाफ ने छात्रा एवं उसकी माता अभिभावक को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया। बता कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी होते ही परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस परीक्षा में संविलयन विद्यालय बसई काजी की कक्षा छह में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। यह छात्रा अटल आवासीय विद्यालय में रह कर निःशुल्क पढ़ाई पूरी करेगी। परीक्षा की तैयारी विद्यालय की पूनम दीक्षित सहायक अध्यापिका के द्वारा कराई थी।

# फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुये एक ही परिवार के पांच लोगों

हाथरस। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला विछिया में इंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाले एक ही परिवार के पांच लोगों की फूड प्वाइजन से हालत बिगड़ गई, जिसमें बच्चे भी शामिल थे। सभी को उल्टी और पेट में दर्द के साथ चक्कर आने लगे। गंभीर हालत में सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिले में बिहार के लोग काफी संख्या में ईट मट्ठों पर मजदूरी करने आते हैं। सभी परिवार के साथ यही रहकर गुजर बसर करते हैं। बबलू मांझी निवासी वैरमी जिला नवादा बिहार बच्चों और परिवार के साथ रहकर गांव विछिया स्थित ईंट–भट्टे पर मजदूरी करता है। उसने बताया कि शुक्रवार सुबह परिवार के लोगों ने आलू की सब्जी, चावल व भिंडी की सब्जी खाई थी, लेकिन वह खाना नहीं खाए पाए थे। कुछ देर बाद ही उनके बेटे उत्तम, पंकज और शुशबू, शिवानी व सोनम की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। सभी के उल्टी, पेट में दर्द के साथ चक्कर आने लगे। यह देख परिवार के लोग घबरा गए। गंभीर हालत में सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# महिला के साथ मारपीट

हाथरस। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मोती में महिला के साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। नगला मोती निवासी सुशीला देवी पत्नी रामखिलावन ने बताया कि वह घर से पानी भरने टंकी पर गई थी। तभी वहां संजू, नीरज, ओसपाल ने गाली दी। विरोध करने पर लाठी–डंडों से मारपीट कर दी. जिससे महिला घायल हो गई।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com

**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक,लेटर पैड,पम्पलेट
पोस्टर,शादी कार्ड,अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग,अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# रैली निकालकर मतदान हेतु आमजनमानस को किया जागरूक

### जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने फीता काटकर एवं हरी झण्डी दिखाकर रैली को किया रवान

(भव्य प्रभात)

हाथरस। जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने जनपदवासियों से भी आवाहन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर जनपद में वोट प्रतिशत बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। ''पहले मतदान, बाद में जलपान'' ''मतदाता जागरुकता रैली के माध्यम से अधिकारियों,कर्मचारियों एवं सहायक अध्यापक,अध्यापिकाओं ने मतदान हेतु आमजनमानस को किया जागरूक।''

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत दून पब्लिक स्कूल से सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज तक सहायक अध्यापक,अध्यापिकाओं द्वारा निकाली गई बाईक मतदाता जागरूकता रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने फीता काटकर एवं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के प्रति अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं सहायक अध्यापक ,अध्यापिकाओं को जागरूक किया तथा मतदाता शपथ दिलाई दिलायी कि ''हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेगें तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांन्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें''।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 07 मई 2024 दिन मंगलवार को मतदान किया जाना है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों एवं सहायक अध्यापकध्अध्यापिकाओं को इस महापर्व में स्वयं और अपने परिवार के समस्त मतदाताओं के साथ अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आवाहन किया। साथ ही उन्होंने सभी से कहा कि हर वोटर को याद दिलाओ, मतदान का महत्व समझाओ, 07 मई को बूथ पर जाओ, अपना वोट डालकर आओ। उन्होंने लोगों से मतदान के महत्व को समझाने तथा अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु जागरूक करने को कहा।

उन्होंने जनपद में 07 मई 2024 को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में है, वह मतदान करने अवश्य जायें। उन्होंने कहा कि यह मत सोचना कि एक वोट से क्या होगा। प्रत्येक वोट लोकतंत्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियोंध कर्मचारियों एवं सहायक अध्यापकध्अध्यापिकाओं एवं आमजन से अपने परिवार के सदस्यों, अभिभावकों तथा पड़ोसियों को मतदान के महत्व एवं मतदान करने हेतु जागरूक करने को कहा। उन्होंने आगामी 07 मई 2024 को जनपद में होने वाले मतदान में महिला मतदाताओं की भागीदारी शतप्रतिशत सुनिश्चित करने एवं महिला मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आवाहन किया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के तहत जनपद में 07 मई 2024 को तृतीय चरण के अंतर्गत मतदान होगा। किसी के प्रलोभन में आकर मतदान न करें, अपनी आगामी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मतदान अवश्य करें और सुयोग्य व्यक्ति को चुनें। यदि आप किसी भी व्यक्ति को मतदान नहीं करना चाहते हैं तो उस दशा में आप नोटा बटन का प्रयोग कर सकते हैं परंतु मतदान करने अवश्य जाऐं। उन्होंने सभी मतदाताओं से आवाहन किया कि मतदान के दिन सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। सभी कामों को छोड़कर पहले मतदान करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है वह

### काई प्रत्याशी न हो पसंद तो करें नोटा बटन का प्रयोग

यदि आप चुनाव लड रहे किसी भी प्रत्याशी को मतदान नहीं करना चाहते हैं तो उस दशा में आप नोटा बटन का प्रयोग कर सकते हैं परंतु मतदान करने अवश्य करें।

स्वयं मतदान करें और अपने आस–पड़ोस तथा परिवारीजनों को भी मतदान करने के लिए अवश्य मतदान केंद्र पर भेजे। अपने मत का प्रयोग कर अपने मनपसंद प्रतिनिधि को चुनकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान प्रदान करें। मतदान करने हेतु सभी को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। इसमें किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं रखा गया है। आप सभी लोग अपने मत का प्रयोग बिना किसी जाति, धर्म, मजहब, किसी प्रलोभन या किसी के दबाव में आकर न करें बल्कि अपने बुद्धि और विवेक से निष्पक्ष ढंग से मतदान करें।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल पर बनाये गये सेल्फी पॉइंट पर जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अन्य उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, सहायक अध्यापक,अध्यापिकाओं ने सेल्फी ली। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के सहायक अध्यापकध्अध्यापिकाऐं, प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया से पत्रकार बंधु आदि उपस्थित रहे।

# मतदान के दौरान शिकायतों का तत्काल करें निस्तारण



### जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने निर्वाचन नियंत्रण कक्ष में तैनात अधिकारियों ,कर्मचारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में की बैठक

(भव्य प्रभात)

हाथरस । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल एवं शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन नियंत्रण कक्ष में तैनात अधिकारियोंध कर्मचारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में दिनाक 07 मई 2024 (मंगलवार) को मतदान सम्पन्न होगा। मतदान के दौरान सम्भावित समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम पर शिकायतें प्राप्त होगीं। जिनके तत्काल समाधान हेतु आप सभी की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि जो भी शिकायत प्राप्त होती है जिन्हें तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि प्राप्त समस्या का समाधान ससमय किया जा सके और मतदान की प्रक्रिया को शांतिपूर्णढंग से सम्पादित किया जा सके। उन्होंनें कहा कि मतदान दिवस के दिन निर्वाचन हेल्प नं0–1950 पर आने वाली शिकायतों का तत्काल समाधान संबंधित अधिकारी द्वारा किया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी, ई0डी0एम0, कंट्रोल रूम प्रभारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# सबके सहयोग से होगा ४०० पार

### भाजपा के बागपत लोकसभा विस्तारक तरुण शर्मा के पुत्र के नामकरण संस्कार में शामिल हुए राज्य मंत्री केपी मलिक



(भव्य प्रभात)

हाथरस। उत्तर प्रदेश के यशस्वी राज्य मंत्री केपी मलिक का बागपत लोकसभा विस्तारक तरुण शर्मा के निज निवास वाटर वर्क्स कॉलोनी,हाथरस पर आगमन हुआ।बागपत लोकसभा विस्तारक तरुण शर्मा के आवास पर पार्टी व संगठन के कार्यकर्ताओं ने माननीय मंत्री केपी मलिक का पित वस्त्र पहनकर एवम प्रतीक चिन्ह भेंट कर जोर शोर से भव्य स्वागत किया। मा मंत्री केपी मलिक जी बागपत जिले की बड़ौत विधानसभा से विधायक हैं।यहां तरुण शर्मा के पुत्र के नामकरण संस्कार में शामिल हुए और उनके पुत्र को आशीर्वाद प्रदान किया।साथ ही परिवार के लोगों के साथ समय भी दिया।उसके बाद पार्टी व संघठन के कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव पर चर्चा करी। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 पार करने के लिए सबका सहयोग मांगा। मा मंत्री लोकसभा चुनाव तक हाथरस ही रहेंगे।मंत्री के स्वागत में मुख्य रूप से डा बीपी सिंह, वैद्य मोहन ब्रजेश रावत , शरद तिवारी,जय शर्मा, प्रवीण खांडेलवाल,उद्धव कृष्ण शर्मा,ललित गुप्ता,नवल किशोर शर्मा,नीरज शर्मा,दीपक भारद्वाज, नवीन शर्मा, कपिल तिवारी, संजीव भारद्वाज, सतीश शर्मा,देव शर्मा, राहुल वार्ष्णेय,शशांक शर्मा, मुकेश अग्निहोत्री, मोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हिस्ट्रीशीट खाका कराया नष्ट

हाथरस। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लापता हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह के निद शन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद गोपाल सिंह के पर्यवेक्षण में मुरसान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने हिस्ट्रीशीटर मुन्ना पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पीहरी थाना मुरसान की मृत्यु हो जाने के कारण उसका हिस्ट्रीशीट खाका नष्ट किया।

# टी20 विश्व कप की टीम में चुने जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगी किसकी नजर?

हैदराबाद। आईपीएल 2024 में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया। एक वक्त राजस्थान की टीम मजबूत स्थिति में थी, लेकिन डेथ ओवर में हैदराबाद की ओर से शानदार प्रदर्शन ने राजस्थान के हाथों से जीत छीन ली। टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में राजस्थान के तीन खिलाड़ी हैं। इनमें यशस्वी जायसवाल के अलावा संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल हैं। हालांकि, इस मैच में यशस्वी को छोड़कर बाकी दोनों फ्लॉप साबित हुए। टीम चुने जाने के बाद से भारतीय खिलाड़ियों को किसी की नजर लग गई है। चुने गए खिलाड़ियों की ओर से लगातार खराब प्रदर्शन हो रहा है। इससे पहले टीम चुने जाने के बाद मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से चुने गए खिलाड़ियों का भी प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। सैमसन खाता भी नहीं खोल सके 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा। भुवनेश्वर कुमार ने जोस बटलर को मार्को यानसेन के हाथों कैच कराया। वह खाता नहीं खोल सके। इसके बाद उम्मीद की गई शानदार फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन लंबी पारी खेलेंगे। हालांकि, पहले ही ओवर में भुवनेश्वर ने सैमसन को क्लीन बोल्ड किया। वह तीन गेंद खेले और कोई रन नहीं बना सके। एक रन पर राजस्थान की टीम ने दो विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, यशस्वी के 40 गेंद पर बनाए गए 67 रन और रियान पराग के 49 गेंद पर बनाए गए 77 रन ने राजस्थान को मुश्किल से निकाला। यशस्वी ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए थे। वहीं, रियान ने आठ चौके और चार छक्के लगाए। हालांकि, इसके बावजूद टीम एक रन से हार गई। चहल काफी महंगे साबित हुए इससे पहले सनराइजर्स ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 201 रन बनाए थे। ट्रेविस हेड ने 44 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 58 रन की पारी खेली। वहीं, नीतीश रेड्डी ने 42 गेंद में तीन चौके और आठ छक्के की मदद से नाबाद 76 रन और हेनरिक क्लासेन ने 19 गेंद में तीन चौके तीन छक्के की मदद से नाबाद 42 रन बनाए। पिछले कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले युजवेंद्र चहल से उम्मीद की जा रही थी कि टी20 विश्व कप के लिए चुने जाने के बाद वह अपने चयन को साबित करेंगे। उनकी करीब एक साल बाद अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। हालांकि, हुआ इसके उलट और चहल ने चार ओवर में बिना कोई विकेट लिए 62 रन खर्च कर दिए। उनका इकोनॉमी रेट 15.50 का रहा। रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल आवेश खान ने जरूर चार ओवर में 39 रन देकर दो विकेट लिए।




## बृजभूषण शरण सिंह के बेटे को बीजेपी से टिकट मिलने पर साक्षी मलिक ने जताई नाराजगी, जानें क्या कहा?

साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के बेटे करण को उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार चुनने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गुरुवार को निशाना साधा और कहा कि इस फैसले से देश की बेटियों की हार हुई है। साक्षी, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट सहित शीर्ष पहलवानों ने बृज भूषण पर डब्ल्यूएफआई प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर महीनों तक जंतर–मंतर पर धरना–प्रदर्शन किया था। बृजभूषण कैसरगंज से मौजूदा सांसद हैं और अब उनके बेटे को इस सीट से भाजपा का टिकट मिलने से प्रदर्शनकारी पहलवानों में नाराजगी है। साक्षी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "देश की बेटियां हार गईं, बृजभूषण जीत गया।" पिछले साल कुश्ती को अलविदा कहने वाली रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने कहा कि पहलवानों की न्याय की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, "हम सभी ने अपना करियर दांव पर लगाया, कई दिनों तक धूप और बारिश में सड़कों पर सोए। आज तक बृजभूषण को गिरफ्तार नहीं किया गया। हम कुछ नहीं मांग रहे थे, हम सिर्फ न्याय मांग रहे थे।" साक्षी ने कहा, "गिरफ्तारी छोड़िए, आज उनके बेटे को टिकट देकर आपने देश की करोड़ों बेटियों का मनोबल तोड़ दिया है।

## चार भारतीय एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में


भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को अपने–अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर–22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर–22 सेमीफाइनल में जगह बनाई। जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5–0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4–0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने–अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2–3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) ने युवा वर्ग में अपने–अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।

## भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव, सविता पूनिया की जगह सलीमा टेटे बनीं कप्तान

भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। दरअसल मिडफील्डर सलीमा टेटे को सविता पूनिया की जगह टीम की कमान सौंपी गई है। बता दें कि, इस महीने के आखिर में होने वाले एचआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान चुना गया है। वहीं सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि, मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। साथ ही उन्होंने कहा, "एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।" सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी।

## भारत को वृद्धि कायम रखने के लिए बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा दायरे में लाने की जरूरतः एडीबी

नयी दिल्ली। बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के मामले में भारत एशिया–प्रशांत देशों में सबसे निचली कतार में है और उसे तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने और वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बृहस्पतिवार को 'एजिंग वेल इन एशिया' शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण कोरिया और थाइलैंड ने सार्वभौमिक (यूनिवर्सल) स्वास्थ्य कवरेज हासिल कर लिया है, जबकि भारत समेत कई देश पीछे हैं। इन देशों में वृद्ध लोगों के बीच स्वास्थ्य बीमा की पहुंच सबसे कम 21 प्रतिशत है। हालांकि, एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा कि गरीब लोगों को नकदी रहित (कैशलेस) स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं आने के बाद से बुजुर्गों का स्वास्थ्य कवरेज बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाने से स्थिति में सुधार होगा और 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग अर्थव्यवस्था के लिए अधिक उत्पादक बन पाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे देशों को अधिक उम्र वाले लोगों की मौजूदगी से मिलने वाला 'लाभांश अधिक हो सकता है। किकावा ने कहा कि सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने के अलावा बुजुर्गों की शारीरिक और कार्यात्मक क्षमता को अनुकूलित करने वाली आवश्यक सेवाओं और गतिविधियों का विस्तार करना भी महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और भारत में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच से वंचित आधे से अधिक लोग निचली 40 प्रतिशत आबादी का हिस्सा हैं। हालांकि, रिपोर्ट कहती है कि 2031–40 के दशक में उम्रदराज आबादी के कारण आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव भारत के मामले में कम पड़ेगा क्योंकि यहां उस समय भी युवा आबादी का अनुपात अधिक होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, विकासशील एशिया और प्रशांत देशों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या वर्ष 2050 तक लगभग दोगुनी होकर 1.2 अरब हो जाएगी जो कुल आबादी का लगभग एक चौथाई होगा। ऐसी स्थिति में पेंशन और कल्याण कार्यक्रमों के अलावा स्वास्थ्य बीमा की जरूरत भी बढ़ जाएगी। एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने कहा कि इन अर्थव्यवस्थाओं के पास बुजुर्गों से अतिरिक्त उत्पादकता के रूप में 'लाभांश हासिल करने का मौका होगा जो क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद को औसतन 0.9 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है।



## प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखने के लिए आरसीबी और गुजरात के बीच करो या मरो मुकाबला

समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिये शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरू दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा। अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिये विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बने। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज , यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है। बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर उन्हें गुजरात के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा हालांकि अभी तक वे एक ईकाई के रूप में अच्छा नहीं खेल सके हैं।

# सोनम कपूर का खुलासा, गर्भावस्था के दौरान बढ़ गया था 32 किलो वजन, कहा...

# मैं सदमे में थी





सोनम कपूर को उनके बेहतरीन फैशन सेंस और शानदार लुक के कारण स्टाइल आइकन माना जाता है। बिजनेसमैन आनंद आहूजा से शादी करने वाली अभिनेत्री ने 2022 में अपने बेटे वायु का स्वागत किया।

सोनम कपूर को उनके बेहतरीन फैशन सेंस और शानदार लुक के कारण स्टाइल आइकन माना जाता है। बिजनेसमैन आनंद आहूजा से शादी करने वाली अभिनेत्री ने 2022 में अपने बेटे वायु का स्वागत किया। फैशनली पर्निया के द स्टाइल आइकन पॉडकास्ट के हालिया एपिसोड में गर्भावस्था के बाद वजन घटाने की अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए, सोनम ने अपने फैशन विकल्पों में किए गए बदलावों को साझा किया।

सोनम कपूर ने गर्भावस्था के बाद के जीवन पर अंतर्दृष्टि साझा की

32 किलो वजन बढ़ने और आघात महसूस करने के बारे में बात करते हुए, सोनम ने साझा किया, ष्मेरा वजन 32 किलो बढ़ गया। ईमानदारी से कहूं तो, शुरू में, मैं सदमे में थी। आप अपने

### सोनम कपूर ने गर्भावस्था के बाद के जीवन पर अंतर्दृष्टि साझा की

बच्चे के प्रति इतने जुनूनी हैं, आप वास्तव में वर्कआउट करने, सही खाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। इसमें मुझे एक साल लग गया। डेढ़। मैंने इसे बहुत धीमी गति से लिया, आपको धीमा होना होगा क्योंकि आपको नए के साथ तालमेल बिठाना होगा।ष्

उन्होंने आगे कहा, ष्आपके जीवन में सब कुछ बदल जाता है। आपका खुद के साथ रिश्ता बदल जाता है, आपके पति के साथ यह बदल जाता है, सब कुछ बदल जाता है। आप कभी भी अपने शरीर के बारे में एक जैसा महसूस नहीं करेंगे। मैंने हमेशा खुद को स्वीकार किया है कि मैं कौन हूं, और मैं ऐसा था, मुझे अपने इस संस्करण को स्वीकार करने की जरूरत है।

सोनम कपूर अपनी आत्म–देखभाल यात्रा पर

सोनम ने इस साल की शुरुआत में इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा करके अपनी गर्भावस्था के बाद की यात्रा को प्रतिबिंबित किया, जिसमें वह बेज लहंगा चोली में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, ष्मुझे फिर से अपने जैसा महसूस करने में 16 महीने लग गए। बिना किसी क्रैश डाइट और पागल वर्कआउट के धीरे–धीरे, लगातार खुद की देखभाल और बच्चे की देखभाल। मैं अभी तक वहां नहीं हूं, लेकिन लगभग वहीं हूं जहां मैं होना चाहती हूं.. मैं अभी भी अपने शरीर के लिए बहुत आभारी हूं और यह कितना अविश्वसनीय है। एक महिला होना एक अद्भुत बात है।ष्

काम के मोर्चे पर, सोनम कपूर को श्रांझणाश और श्नीरजाश सहित अन्य फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, उन्हें आखिरी बार 2023 की फिल्म श्ब्लाइंडश में देखा गया था जो जियो सिनेमा पर रिलीज हुई थी।

## मैरी क्रिसमस की असफलता के बाद कैटरीना ने भविष्य में फिल्में चुनने की अपनी प्रक्रिया के बारे में बात की



कैटरीना कैफ को इंडस्ट्री में उनके सह–कलाकारों द्वारा सबसे मेहनती अभिनेत्रियों में से एक कहा जाता है। अक्षय कुमार, शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक अक्सर कड़ी मेहनत करने वाली अभिनेत्री होने के लिए कैट की प्रशंसा करते हैं। कैटरीना कैफ को इंडस्ट्री में उनके सह–कलाकारों द्वारा सबसे मेहनती अभिनेत्रियों में से एक कहा जाता है। अक्षय कुमार, शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक अक्सर कड़ी मेहनत करने वाली अभिनेत्री होने के लिए कैट की प्रशंसा करते हैं। 2003 में अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली कैटरीना ने एक लंबा सफर तय किया है, एक गैर अभिनेता और एक गैर नर्तक होने से लेकर, उन्होंने हर तरह से अपनी योग्यता साबित की है। कैटरीना की आखिरी रिलीज मैरी क्रिसमस भले ही बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक रही हो और ज्यादा कमाई नहीं कर पाई हो, लेकिन इसने एक अभिनेत्री के रूप में कैटरीना कैफ का उन्नत संस्करण दिखाया, उनके साथ दक्षिण के स्टार अभिनेता विजय सेतुपति थे, लेकिन कैटरीना ने एक बार भी ऐसा नहीं किया। एक अभिनेत्री के रूप में उनके सामने उनकी चमक फीकी पड़ गई। लेकिन कैटरीना जो अपने करियर की शुरुआत से ही तमाम मसाला एंटरटेनर फिल्में साइन करके बॉक्स ऑफिस क्वीन के नाम से मशहूर रही हैं, मैरी क्रिसमस के बाद उनकी राह बदल सकती है। कैटरीना कैफ बता रही हैं कि वह भविष्य में अपनी फिल्में कैसे चुनेंगी। वैरायटी के साथ अपने साक्षात्कार में, कैटरीना कैफ ने अपनी फिल्मों को चुनने और दस भविष्य की परियोजनाओं में अपनी सहमति देने के बारे में खुलकर बात की, ष्मैंने हमेशा दर्शकों को पहले रखा है।

# राहुल गांधी जनता को भ्रमित करने के लिए रायबरेली से लड़ रहे चुनाव : भूपेंद्र

उरई/जालौन,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। कहा कि 5 साल अमेठी से दूर रहने के कारण जनता उनसे सवाल न पूछ ले, इसीलिए राहुल गांधी ने जनता को भ्रमित करने के लिए रायबरेली से चुनाव लड़ना उचित समझा। उन्हें इस चुनाव में भी जनता नकार देगी। मोदी के नेतृत्व में कराए गए विकास कामों के बदौलत पूरे प्रदेश में भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने यह बात जालौन के उरई में भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा के नामांकन सभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश का बड़ा राजनैतिक संगठन है। हमारे देश की सरकार का नेतृत्व किया है, लेकिन उत्तर प्रदेश से कांग्रेस पूरी तरह से पलायन कर चुकी है। पूरे 5 साल अमेठी से राहुल गांधी नदारत रहे। 5 साल सोनिया गांधी रायबरेली से नदारत रहीं। निश्चित रूप से उनके मन में यह भाव रहा है कि अमेठी से चुनाव लड़ने पर जनता उनसे सवाल न पूछे ले, इसीलिए राहुल गांधी रायबरेली के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास करेंगे। लेकिन प्रदेश देश की जनता समझदार है और भाजपा पार्टी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अपने कार्यकर्ताओं की सक्रियता मेहनत और संपर्क के आधार पर हम अपना पूरे 10 वर्ष का लेखा–जोखा लेकर जनता के बीच में जा रहे है। राहुल द्वारा प्रधानमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा गया की रेपिस्टों के लिए पीएम वोट मांग रहे हैं। जिस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा मामला सब जुडिशल और हमारे देश में न्याय पालिका स्वतंत्र है और हम सब लोगों को न्याय पालिका पर विश्वास है। हम किसी भी अवैध काम करने वाले व्यक्ति के साथ नहीं है। कानून अपना काम करेगा, जो जिसने काम किया है उसे जरूर सजा मिलेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश द्वारा भाजपा पर संविधान खत्म करने की बात कहे जाने के सवाल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों के बहुत बड़ी संख्या में



हमारे कार्यकर्ता, पदाधिकारी जनप्रतिनिधि चुन कर गए हैं। सपा के लोगों भ्रमित करने का काम कर रही है। इंडिया गठबंधन ने जिस प्रकार से दक्षिणी भारत में पिछड़े वर्गों का आरक्षण काटकर मुस्लिम समाज को दिया है। यह षडयंत्र कर रहे हैं और यह लोग षड्यंत्रकारी हैं। एक नैरेटिव सेट करके जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने सभी लोगों ने स्पष्ट किया है। देश की जनता इनके चाल–चरित्र को अच्छी तरह से समझती और जानती है। वही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री से मेनिफेस्टो पर डिबेट करने की बात पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो मुस्लिम लीग की याद दिलाता है। कांग्रेस के मेनिफेस्टो में शरीयत को बढ़ावा देने की बात कही गई है। निश्चित रूप से कह सकता हूं कि कांग्रेस ने जिस प्रकार से देश में सामाजिक आधार पर, जाति–क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर बटवारा किया उस एजेंडे को प्रदेश की जनता देश की जनता नकार चुकी है। कांग्रेस के लिए कोई संभावना देश में नहीं बची है। जब उनसे पूछा कि इसी मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष डिबेट करना चाहते हैं, तो वह इस बात को अनसुना कर चले गए।

## भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में पहुंचे विधायकों–पुलिस से बहस

उरई/जालौन,(यूएनएस)। जालौन में नामांकन के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान नामांकन स्थल पर 4 से अधिक प्रस्तावकों के अंदर आने पर भाजपा विधायकों के साथ पुलिस की तीखी बहस हो गई। इस दौरान काफी गहमागहमी रही। वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। कलेक्ट्रेट में गेट नंबर–2 पर नामांकन के लिए बैरिकेड्स लगाई गई है। जहां पर भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन दाखिल करने आना था। मगर नामांकन दाखिल करने से पहले ही यूपी सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्यम मध्यम कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान पहले ही नामांकन स्थल पर पहुंच चुके थे। भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित तथा माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, उरई विधायक गौरी शंकर वर्मा, गरौठा विधायक जवाहर राजपूत के साथ अंदर आने लगे। तभी पुलिस फोर्स ने तीनों विधायक गौरी शंकर वर्मा, मूलचंद निरंजन तथा गरौठा विधायक जवाहर सिंह राजपूत को रोक लिया। उन्हें रोकते ही भाजपाई आक्रोशित हो गए और वह हंगामा करने लगे। इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद कोंच सीओ उमेश कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, उरई विधायक गौरी शंकर वर्मा और माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन को नामांकन स्थल के बैरिकेड से अंदर कर लिया। मगर गरौठा विधायक जवाहर सिंह राजपूत के साथ अन्य लोग अंदर आने लगे, जिस पर उन्हें बैरिकेड पर लगी पुलिस ने रोक दिया तो विधायक जवाहर सिंह राजपूत और उनके समर्थक हंगामा करने लगे और उनके समर्थक पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान काफी हंगामा देखने को मिला। बाद में सीओ कोंच उमेश कुमार पांडेय और अन्य पुलिस अधिकारियों ने गरौठा विधायक को अंदर किया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। मगर भाजपा पार्टी के अनुशासन की पोल जरूर खुल गई है। भाजपा अपने आप को अनुशासित पार्टी मानती है, मगर मात्र चार प्रस्तावों के होने के बावजूद भी भाजपाई नामांकन स्थल तक आठ लोगों को अंदर लेकर पहुंची।

## बीबी फातिमा हॉल वार्षिक उत्सव का आयोजन

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बीबी फातिमा हॉल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय हाल वीक का वार्षिक समारोह 'एस्पेरांजा–24' के समापन पर हाल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। वार्षिक समारोह की मुख्य अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सभी विषयों में उत्कृष्टता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। मानद अतिथि, डीन छात्र कल्याण प्रोफेसर रफीउद्दीन ने हाल की छात्राओं की उपलब्धियों और हॉल के बुनियादी ढांचे और प्रगति की सराहना की। उन्होंने छात्राओं से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया। बीबी फातिमा हॉल की प्रोवोस्ट डॉ. गजाला यास्मीन ने एस्पेरांजा को सफल बनाने में वार्डन, समिति के सदस्यों और कर्मचारियों के समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने निवासियों को समग्र विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ पाठ्येतर गतिविधियों में संलग्न रहने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ हॉल मॉनिटर, मिस उरफा रईस अंसारी ने वार्षिक हॉल रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें हॉल सुविधाओं और प्रगति के साथ–साथ प्लेसमेंट, प्रकाशन और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में निवासियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

## प्रोफेसर अहमद शाहिद खान के निधन पर शोक सभा आयोजित

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जेडएच कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व शिक्षक और एएमयू के पूर्व रजिस्ट्रार प्रोफेसर अहमद शाहिद खान के निधन पर विभाग में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

## एएमयू के चीनी भाषा के चार छात्रों ने चीन में 'चाइनीज ब्रिज' स्प्रिंग कैंप में भाग लिया

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग के चीनी भाषा के चार छात्रों, अजीब खान, मोहम्मद फिरदौस आलम, मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद अजीम शामिल हैं, ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य राष्ट्र के छात्रों के लिए युन्नान नॉर्मल यूनिवर्सिटी द्वारा कुनमिंग, उरुमकी, चीन में आयोजित 'चीनी ब्रिज' स्प्रिंग



कैंप में भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संकाय के डीन और विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मुहम्मद अजहर ने कहा कि भारत–चीन सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने के लिए विदेशी भाषा विभाग के चीनी भाषा अनुभाग द्वारा छात्रों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाया गया, जिससे चीनी भाषा सीखने को बढ़ावा देकर एक आम, समृद्ध, साझा भविष्य का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि चीन और भारत के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने और चीन तथा उसके इतिहास और संस्कृति की समझ बढ़ाने के लिए चाइनीज ब्रिज स्प्रिंग कैंप का आयोजन किया गया था। शिविर में टी सेरेमनी से लेकर मार्शल आर्ट, पारंपरिक नृत्य, मनमोहक संगीत प्रदर्शन आदि तक चीनी संस्कृति के प्रमुख घटकों को शामिल किया गया। प्रतिभागियों ने बीजिंग, विशेष रूप से चीन की महान दीवार, बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम, टायनामेन स्क्वायर का दौरा भी किया, जिसने छात्रों को चीन की आधुनिक और पारंपरिक संस्कृति दोनों के वास्तविक सार को समझने के लिए प्रेरित किया।

## रैपिड रेल के साथ 9 रूट पर चलेंगी फीडर बस, हजारों लोगों को होगा फायदा

नोएडा,(यूएनएस)। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित रैपिड रेल कॉरिडोर के साथ फीडर बस चलाने की प्लान है। ये बस दो फेज में नौ रूट पर चलाई जाएंगी। ये प्लान इसलिए तैयार किया गया ताकि रैपिड कॉरिडोर से 3 किमी के बाहर रिहाइशी और इंडस्ट्रियल एरिया को कवर किया जा सके। आने वाले समय में यहां तेजी से जनसंख्या बढ़ेगी। इस योजना को लास्टमाइल कनेक्टिविटी के तहत लॉन्च किया जा रहा है। बता दे आगामी पांच सालों में रैपिड रेल का संचालन होगा। ये हजारों लोगों को फायदा देगी। एनसीआर ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने गाजियाबाद स्टेशन से नोएडा एयरपोर्ट तक 72 किमी लंबे रैपिड रेल कॉरिडोर पर प्रस्तावित 22 स्टेशन में से नौ रूट पर फीडर बस चलाने की प्लानिंग की है। इसके पहले फेज में गाजियाबाद स्टेशन से इकोटेक वीआई तक छह बस रूट और इकोटेक वीआई से जेवर एयरपोर्ट तक तीन रूट प्लान किए गए। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एनसीआरटीसी) के अनुसार रैपिड रेल का पहला फेज 39 किमी



लंबा है। इसमें 11 मेट्रो स्टेशन है। ये लाइन मुख्य रूप से गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के उन हिस्सों को कवर करता है जो पहले से ही विकसित हैं और अधिक जनसंख्या वाले है। ऐसे में पहले फेज में छह बस रूट को प्लान किया गया ये गाजियाबाद स्टेशन और इकोटेक वीआई के बीच है। आरआरटीएस के दूसरे खंड के लिए केवल तीन बस रूट प्लान किए गए। इसकी वजह है कि ये रूट जेवर एयरपोर्ट तक 32.9 किमी लंबा तो है लेकिन इसका हिस्से कुछ एक सोसाइटी और ग्रामीण इलाकों से होकर जा रहा है। इस साल के अंत तक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने और आरआरटीएस के आस पास आवासीय और डेटा सेंटर हब के रूप में बनना शुरू हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आरआरटीएस से आने जाने के लिए इन संस्थानों से आने वाले लोग इन बस का प्रयोग कर आसानी स्टेशन तक पहुंच सकेंगे। साथ ही उनको लास्ट माइल कनेक्टिविटी से भी जोड़ा जा सकेगा।

भव्य प्रभात

# भरी सरकारी झोली

यह सुखद ही है कि देश कर संग्रहण सिस्टम में सुधार की दिशा में सार्थक पहल से एक कदम आगे बढ़ा है। देश में पहली बार जीएसटी का संग्रहण दो लाख करोड़ रुपये से पार चला गया है। कर विशेषज्ञ इसे टैक्स सिस्टम में सुधार के प्रयासों की सफलता बता रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य उसके समृद्ध आर्थिक संसाधनों पर ही निर्भर होता है। भारत के अड़ोस–पड़ोस के कई देशों की अर्थव्यवस्था नियोजन के अभाव, भ्रष्टाचार तथा लोकलुभावन नीतियों के व्यय बोझ से चरमरा गई। इसलिये आर्थिक अनुशासन और वित्तीय संसाधनों को समृद्ध करने का प्रयास बेहद जरूरी हो जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जहां देसी गतिविधियों से कर संग्रह में 13.4 फीसदी का इजाफा हुआ है, वहीं पिछले अप्रैल के मुकाबले में आयात से होने वाला राजस्व संग्रह भी 8.3 फीसदी बढ़ा है। निश्चय ही चालू वित्त वर्ष के पहले ही महीने यानी अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह पहली बार रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये होना अर्थव्यवस्था के लिये शुभ संकेत है, जबकि दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में फिलहाल मंदी के रुझान नजर आ रहे हैं। यह वृद्धि बीते साल अप्रैल में एकत्र जीएसटी के मुकाबले 12.4 फीसदी अधिक है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर उथल–पुथल के बीच रूस–यूक्रेन युद्ध तथा गजा में हमास इस्राइल संघर्ष जैसी बाह्य चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में वृद्धि देश की आर्थिक उन्नति के लिये अच्छा संकेत है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी के मूल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के रुझानों का असर है। उल्लेखनीय है कि वृद्धि आयात उपकर में भी हुई है। वैसे एक तथ्य यह भी है कि आम तौर पर किसी भी नये वित्तीय वर्ष में पहले माह अप्रैल में सरकार को सर्वाधिक वस्तु एवं सेवा कर मिलता है। इस वित्त वर्ष के आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रहण से होने वाली आय से अर्थव्यवस्था के स्थायी रुझानों का पता चल सकेगा।निश्चित रूप से आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि किन–किन महीनों में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये का आकंड़ा पार करता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में केंद्रीय जीएसटी में इस बार 27.8 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ संगृहीत राशि 94,153 करोड़ रुपये रही। दूसरी ओर राज्य जीएसटी संग्रह में आशातीत 25.9 फीसदी की वृद्धि हुई। इस तरह राज्यों की जीएसटी संग्रह राशि 95,138 करोड़ हो गई। यानी राजस्व प्राप्ति की राह में राज्यों की भागीदारी में भी सुधार देखा गया है। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर, लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार, सिक्किम, मेघालय नगालैंड को छोड़कर सभी राज्यों में इस साल के पहले महीने जीएसटी राजस्व में वृद्धि हुई है। आर्थिक विशेषज्ञ जीएसटी वृद्धि के मूल में उपभोक्ता उत्पादों की ज्यादा खपत का योगदान बता रहे हैं। गर्मी बढ़ने की चिंता में उपभोक्ता बड़े पैमाने पर एसी व फ्रिज आदि खरीदते हैं। बच्चों के शैक्षिक सत्र समापन के चलते बच्चों की छुट्टियों में पर्यटन बढ़ने को भी एक वजह माना जा रहा है। निस्संदेह, लंबी यात्राओं के चलते आर्थिक गतिविधियों में तेजी आती है। वहीं आम चुनावों के चलते चुनाव प्रक्रिया में जुड़े व्यवसायों की आय में हुई वृद्धि की भी इसमें भूमिका हो सकती है। वहीं दूसरी ओर हमें मानना होगा कि वित्तीय नियामक एजेंसियों की सक्रियता तथा जीएसटी अधिकारियों द्वारा प्रशासनिक सुधारों को प्राथमिकता देने से भी जीएसटी संग्रह में वृद्धि का रुझान देखा जा सकता है। इसमें जहां रिटर्न भरने के लिये सख्ती, फर्जी चालान पर अंकुश, पंजीकरण की अनिवार्यता को लेकर सख्ती से भी वस्तु–सेवा कर संग्रहण में वृद्धि हुई है। विश्वास जताया जा रहा है कि जीएसटी राजस्व में वृद्धि से उत्साहित नई सरकार कर उगाही व्यवस्था में बदलाव के लिये नई पहल कर सकती है। सरकार दावा कर सकती है कि 'एक देश, एक कर' की सोच सार्थक परिणाम लेकर सामने आ रही है। जो इस क्षेत्र में नये सुधारों का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

# एक बार फिर भाजपा का सांप्रदायिक, विघटनकारी एजेंडा?

**राम पुनियानी**

बहुसंख्यकवादी राष्ट्रवाद हमेशा से चुनावों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सांप्रदायिक विघटनकारी एजेंडा और नफरत का इस्तेमाल करता आया है। हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के मोड्यूल के दो मुख्य आधार हैं– पहला, प्राचीन भारत, जिसके समाज में मनुस्मृति के मूल्यों का बोलबाला था और दूसरा, इतिहास, विशेषकर मध्यकालीन इतिहास को तोड़ना–मरोड़ना. इस सिलसिले में ये झूठ जम कर प्रसारित किये जाते हैं कि मुस्लिम शासकों ने बड़े पैमाने पर हिन्दू मंदिर तोड़े और हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया। यह तो हुए मूल आधार। हिन्दू राष्ट्रवादी इस मोड्यूल में समय–समय पर अपने विशाल नेटवर्क की मदद से नए बिंदु जोड़ते रहते हैं। अब तक बाबरी मस्जिद के ढहाने को इस आधार पर औचित्यपूर्ण ठहराया जाता रहा है कि मुगल शासकों ने हिन्दुओं को नीचा दिखाने के लिए हिन्दू मंदिर नष्ट किये। यह एक बड़ा झूठ है। इस (2024 के) आम चुनाव में मांस खाने को एक बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है। हाल में एक तस्वीर सामने आई जो आठ अप्रैल की थी और जिसमें राजद नेता तेजस्वी यादव को मछली खाते हुए दिखाया गया था। नवरात्रि और सावन के महीने में कई हिन्दू मांसाहारी भोजन नहीं करते। इस साल नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हुए। मगर फिर भी तेजस्वी को यह कह कर बदनाम किया गया कि वे पवित्र दिनों में मांसाहार कर रहे हैं! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तथ्यों को तोड़ने–मरोड़ने, सांप्रदायिक प्रचार करने और सांप्रदायिक इतिहास लेखन का प्रयोग कर नफरत फैलाने में महारत हासिल है। उन्होंने मछली द्वारा उन्हें दिए अवसर का भरपूर उपयोग किया। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल सावन के महीने में राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव ने मटन पकाया और खाया था। बड़ी चालाकी से उन्होंने सावन में मटन खाने को मुगलों द्वारा मंदिरों को नष्ट करने से जोड़ा। उन्होंने कहा, जब मुगलों ने भारत पर हमला किया तो वे केवल राजा को हरा कर संतुष्ट नहीं होते थे। वे तभी संतुष्ट होते थे जब वे मंदिरों को तोड़ देते थे और आराधना स्थलों को नष्ट कर देते थे। उन्हें इसमें आनंद आता था। इसी तरह, सावन के महीने में यह वीडियो दिखाकर वे लोग मुगल मानसिकता से देश के लोगों को भड़काना चाहते हैं। मोदी के अनुसार, उनके राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों ने वोट बैंक की राजनीति के तहत ये वीडियो प्रसारित किये। राजाओं द्वारा मंदिरों को नष्ट करने के मसले पर रिचर्ड ईटन समेत कई जाने–माने इतिहासकारों ने व्यापक शोध किया है। उन्होंने पाया है कि हिन्दू राजाओं ने भी मंदिर तोड़े। और दूसरी ओर, कई मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों को दान दिया। कल्हण की राजतरंगिणी बताती है कि कश्मीर के हिन्दू राजा हर्षदेव ने मंदिरों से सोने और चांदी से बनी मूर्तियां उखाड़ कर शाही खजाने में जमा करने के लिए एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति की थी और औरंगजेब ने हिन्दू मंदिरों को दान दिए थे। सांप्रदायिक राष्ट्रवादी प्रोपेगेंडा का पहला और सबसे बड़ा शिकार होता है सच। सांप्रदायिक मानसिकता जिस ढंग से चीजों की विवेचना करती है, जिस तरीके से निष्कर्षों पर पहुंचती है, उसका यथार्थ से कोई लेना–देना नहीं होता। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र, जिसे न्याय पत्र का नाम दिया गया है, के जारी होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कह दिया कि उस पर मुस्लिम लीग की छाया है। तथ्य यह है कि न्याय पत्र समाज के सभी कमजोर वर्गों के साथ सकारात्मक न्याय करने की बात करता है। मोदी के कुनबे के अन्य सदस्य भी इसी तरह की बातें करते रहते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनके प्रदेश में अपराधियों को या तो जेल जाने पड़ेगा या जहन्नुम (इस्लाम में नर्क के लिए प्रयुक्त शब्द)। इसी तरह, आदित्यनाथ ने हाजी मलंग का मामला भी उठाया। मुंबई के नजदीक स्थित इस पवित्र स्थल को हिन्दू आराधना स्थल श्मलंग गढ़श बताया जा रहा है। करीब तीन दशक पहले कर्नाटक में अपनी जड़ेंं जमाने के लिए भाजपा ने बाबा बुधनगिरी दरगाह को मुद्दा बनाया था। मोदी यह डर भी फैला रहे हैं कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वह संपत्ति का पुनर्वितरण करेगा और घुसपैठियों को संपत्ति करेगा। दूसरे शब्दों में, बांग्लादेश से आये मुसलमानों को दूसरों की संपत्ति मिल जाएगी। साथ ही वे यह भी कहते हैं कि कांग्रेस आपकी संपत्ति उन लोगों को दे देगी जिनके ज्यादा बच्चे हैं। कुल मिलकर, वे यह कहना चाहते हैं कि कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टिकरण कर रही है। घुसपैठियों के नाम पर जो हौआ खड़ा किया जा रहा था उसकी हवा तो आसाम में की गई एनआरसी की कवायद में ही निकल गई थी। जिन 19 लाख लोगों के पास अपनी नागरिकता को साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं थे, उनमें से 13 लाख हिन्दू थे। जबकि दावा यह किया जा रहा था कि भारत में करोड़ों बांग्लादेशी घुसपैठिये रह रहे हैं (अमित शाह के शब्दों में दीमक). जहां तक ज्यादा बच्चे पैदा करने का प्रश्न है, ताजा आंकड़ों के अनुसार, मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर में गिरावट आ रही है और वर्तमान में, मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर, राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू महिलाओं से थोड़ी ही अधिक है और अगर यही सिलसिला जारी रहता है, तो कुछ ही सालों में वह बराबर हो जाएगी। हिन्दू दक्षिणपंथी यह प्रचार भी कर रहे हैं कि डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था कि मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला हक है। डॉ सिंह की जिस टिप्पणी को उद्‌त किया जा रहा है, वह उन्होंने सन् 2006 में सच्चर कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बाद की थी। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक दृष्टि से मुसलमानों की स्थिति दयनीय है और उसमें और गिरावट आती जा रही है। उन्होंने जो कहा था वह यह थारू श्मुझे विश्वास है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं साफ हैंरू कृषि, सिंचाई, जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना में जरूरी निवेश, सामान्य अधोसंरचना में आवश्यक सार्वजनिक निवेश और अनुसूचित जातियों,जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों की प्रगति के लिए कार्यक्रम।




इन सभी उदाहरणों से साफ है कि हिन्दू दक्षिणपंथी अपने राजनैतिक हितों को साधने के लिए तथ्यों को तोड़ने–मरोड़ने में कितने उस्ताद हैं। वे केवल विघटनकारी राजनीति के बल पर जिंदा हैं। मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाना और जो लोग तार्किक आधारों पर कमजोर तबकों की भलाई के लिए सकारात्मक कार्रवाई की बात करते हैं, उनकी निंदा करना ही इनका मुख्य काम है।पिछले कुछ वर्षों में उनके प्रोपेगेंडा हथियारों की धार औरतेज हुई है और उनका तंत्र का और विस्तार हुआ है। नतीजा यह कि वे अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों, का दानवीकरण करने के लिए मनगढ़ंत नैरेटिव का निर्माण करने में और सक्षम हो गए हैं। दक्षिणपंथी गिरोह उन लोगों को हिन्दू–विरोधी कहता है जो प्रजातान्त्रिक तौर–तरीकों और संवैधानिक मूल्यों के पैरोकार हैं। इस समय, मीडिया भाजपा के साथ है और एक ऐसी आम सामाजिक समझ निर्मित करने का प्रयास कर रहा है जो भारत के बहुवादी संस्कारों के खिलाफ है। ये बहुवादी संस्कार सदियों में विकसित हुए हैं और इन्हीं से हमारा स्वाधीनता संग्राम, जो दुनिया का सबसे बड़ा जनांदोलन था, उपजा। इंडिया गठबंधन के घटक दलों को चाहिए कि वे बहुसंख्यकवादी राजनीति के इन झूठों का पर्दाफाश करें।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया।)

## प्रेक्षकों व प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं की मौजूदगी में संपन्न हुआ बीयू,सीयू एवं वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन

शाहजहांपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक ने 27 शाहजहांपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन के प्रत्याशियों व निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में बीयू,सीयू एवं वीवीपैट का विधानसभा वार द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 3 मई से जीएफ कॉलेज में कमिश्निंग का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी, प्रत्याशी व निर्वाचन अभिकर्ता मौजूद रहे।

## बिजली पोल गिरने से गरीब मजदूर की दर्दनाक मौत

तिलहर ट्यूबेल पर बिजली तार डाले जाने के दौरान खेत में लगाया जा रहा सिमेंटेड पोल एक ग्रामीण पर गिर जाने से गरीब मजदूर की मौके पर मौत हो गई । कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलचम्पा निवासी ब्रजलाल पुत्र कल्याण मजदूरी पर गेहूं काट रहा था । शाम करीब छह बजे पड़ोस के नन्हेलाल के खेत में ट्यूब वेल की लाइन जोड़ने के लिए एक ग्रामीण के खेत में सिमेंटेड बिजली पोल लगाए जाने के दौरान ठेकेदार की लेवर ने ब्रजलाल को पोल खड़ा करने में मदद के लिए बुलाया । बताते हैं कि पहले ब्रजलाल ने मना कर दिया । ज्यादा जोर देने पर वह पोल को उठवाने पहुंचा । कि इसी दौरान लेवर से पोल छूट गया । ओर पोल ब्रजलाल के सिर पर गिर गया । भारी भरकम पोल के नीचे ब्रजलाल का सिर कुचल गया । पोल गिरते ही लेवर पोल के नीचे दवे ब्रजलाल के सिर को निकालने के बजाय भाग खड़ी हुई घंटो बाद खबर मिलने पर अंधेरे में ग्रामीणों ने बमुश्किल पोल हटाकर ब्रजलाल को निकाला । रात करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली तो कोतवाल विशाल प्रताप सिंह , क्राइम निरीक्षक देवेंद्र यादव , भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया!

## गलती से केमिकल पी गया दो साल का मासूम, मौत, परिवार में छाया मातम

हाथरस। समीर घर पर खेल रहा था। परिजनों की नजर जैसे ही बच्चे से हटी। वैसे ही बच्चे ने घर पर रखा दूध में डालने वाला केमिकल पी लिया। उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजनों के होश फाख्ता हो गए। आनन–फानन परिजन बालक को इलाज के लिए बागला जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव नगला फार्म में 2 मई की सुबह दो वर्षीय मासूम बालक ने घर पर रखा केमिकल गलती से पी लिया। बच्चे की हालत बिगड़ गई। परिजन उसको इलाज के लिए बागला जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव नगला फार्म निवासी समीर (2) पुत्र जयवीर सिंह 2 मई की सुबह घर पर खेल रहा था। परिजनों की नजर जैसे ही बच्चे से हटी। वैसे ही बच्चे ने घर पर रखा दूध में डालने वाला केमिकल पी लिया। उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजनों के होश फाख्ता हो गए। आनन–फानन परिजन बालक को इलाज के लिए बागला जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर सुनते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने अस्पताल में ही करुण–क्रंदन शुरु कर दिया। रोते–बिलखते परिजन शव को लेकर गांव चले गए।

## फर्जी कागज तैयार कराके बेच दी बुआ की जमीन

हाथरस। हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा सुल्तानपुर निवासी एक व्यक्ति ने बुआ की जमीन को भतीजे ने राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कराके बेच दिया। आरोपी के दो भाइयों को जब इसका पता लगा तो उन्होंने राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और आरके समेत 11 के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह जमीन बुआ ने तीनों भतीजों को दी थी। एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र के गांव टिमरूआ निवासी योगेश कुमार पुत्र रक्षपाल सिंह ने सिकंदराराऊ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि वह तीन भाई क्रमश रू योगेश कुमार, वीरेश कुमार व लोकेश कुमार हैं। उनकी बुआ रामवती देवी पत्नी नेम सिंह निवासी गांव खेड़ा सुल्तानुपर थाना हसायन की कोई संतान नहीं थी। वह तीनों भाई ही उनकी जमीन पर खेतीबाड़ी करते थे। फूफा प्रेम सिंह की मृत्यु के बाद तीनों भाइयों ने बुआ की सेवा की। एक भाई लोकेश दिव्यांग था, इसलिए बुआ ने आधी जमीन उसे और बाकी आधी दो भाइयों के नाम तहरीर कर पंजीकृत करा दी थी। बुआ ने आपने जीवनकाल में ही जमीन की नाप करा हिस्से निर्धारित कर दिए थे। बुआ की मृत्यु के बाद लोकेश ने पूरी जमीन अपने नाम दाखिल–खारिज कराने के लिए भगदौड़ की। आरोप है कि इस काम में राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, लेखपाल बृजेश शर्मा, आरके राजेंद्र प्रसाद यादव ने साथ दिया। लोकेश ने इस जमीन की लिखापढ़ी तेजवीर पुत्र पोप सिंह, स्नेहलता पत्नी पत्नी तेजवीर सिंह निवासी गांव खेड़ा सुल्तानुपर हसायन, मानवती पत्नी राकेश डोरीनगर अलीगढ़, विष्णुप्रिया पत्नी राजेश, राजेश कुमार निवासी रामनगर टेहू एत्मादपुर आगरा, श्याम सिंह, राकेश कुमार निवासी सुल्तानपुर खेड़ा को बिक्री कर दी। शिकायकर्ता ने आरोपियों से खुद की जान को खतरा भी बताया है।

## आपत्तिजनक वीडियो बनाकर युवक दी धमकियां, 2. 85 लाख रुपये भी ठगे, रिपोर्ट दर्ज

हाथरस। व्हाटस एप पर वीडियो कॉल कर पहले बातों में फंसाया गया। उसके बाद फोटो ग्राफिक्स के मध्यम से उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे धमकियां दी गईं। धमकी देने के लिए व्हाटस एप वीडियो के साथ पुलिस अधिकारी की डीपी लगाई गई, युवक डरकर ऑनलाइन 2.85 लाख रुपये ठगों को दे बैठा।

# निर्वाचन कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डीसीसी, वीवीटी, एफएसटी तथा एमसीएमसी रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही उन्होने प्राप्त एवं निस्तारित शिकायतों के सम्बन्धित में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने शिकायत कंट्रोल रूम में 1950, सी–विजिल एप तथ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण तथा कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होने क्षेत्रों में कार्यरत टीमों के लोकेशन की स्थिति को दिखा। शिकायतों के गुणवत्ता के निस्तारण का रेंडम चेक किया। उन्होने प्राप्त शिकायतों को कैटेगरी वाइज सेट करने के निर्देश दिये। कन्ट्रोल रूम प्रभारी एडीएम जे राशिद अली खान ने जानकारी देते हुये बताया कि टोल



फ्री 1950 पर कुल 56 प्राप्त शिकायतों में से 56 का निस्तारण किया जा चुका है। एनजीएसपी पोर्टल पर 200 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें से 02 का निस्तारण शेष रह गया है। सी विजिल पर 38 शिकायते प्राप्त हुयी है सभी 38 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है तथा विभिन्न टीमों द्वारा विधानसभावार 14.65300 लाख रू0 कि नकदी। 30,927.19 लीटर शराब 80.13651 लाख रू0 कीमत की जब्त की गयी। 45,157 ग्राम मादक पदार्थ जिसकी कीमत रू0 85.96103 लाख का जब्ती की कार्यवाही की गयी। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा निरन्तर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में कहीं पर भी चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए । उन्होंने निर्देश दिये कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ससमय करते हुए शिकायत पंजिका में दर्ज किया जाए।

# विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने निकाली श्रीराम जन्मोत्सव यात्रा

*भगवा झंडों और जय श्री राम के जयकारों से राममय हुईं निगोही*



निगोही शाहजहांपुर – निगोही ब्लाक परिसर परिसर में क्षेत्र के राम भक्त इकट्ठा हुए । सभी राम भक्तों ने श्री राम जन्मउतव शोभा यात्रा का आयोजन किया जिसमें सभी विश्व हिंदू परिषद हिंदू जनमानस ने इकट्ठा होकर हाथों में भगवा ध्वज था। श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे । निगोही नगर में धूमधाम श्री राम जन्मोत्सवयात्रा विश्व हिंदू परिषदबजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे निगोही प्रखंड में श्री राम जन्म उत्सवयात्रा का मंगलवार को आयोजित किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद के प्रांत से संयोजक राहुल सिंह ने बताया कि प्रभु श्री राम लाल 500 वर्षों के बाद अपने घर में विराजमान हुए यह हम सबके लिए हर्ष और सौभाग्य का विषय है । अयोध्या कोई शहर वर्तमान में एक नाम नहीं है , यहां तो शादियों और युगों से अयोध्या का नाम रहा है । जहां पर प्रभु श्री राम जन्म हुआध बड़े हुए कुछ आक्रांताओं ने भगवान श्री राम को काल्पनिक बताया । बोलो अपना गोत्र धर्म भी बता रहे हैं । यात्रा ब्लॉक से शुरूहोकर, भगत सिंह चौराहा बरारना ,जूनियर हाई स्कूल ,सब्जी मडी मुख्य बाजार होते हुए रामलीला मैदान ,आदर्श इंटर कॉलेज चौराहा होते हुए ब्लाक परिसर में समापन किया गया । इस मौके पर राजकुमार सिंह , सर्वेश कुमार त्रिपाठी ,शिवहरी सक्सेना जिला गौरक्षा प्रमुख, छत्रपाल शर्मा जिला समरसता प्रमुख, अमित कुमार वर्मा प्रखंड मंत्री , प्रांत सह संयोजक बजरंग दल राहुल सिंह,विभाग सत्संग प्रमुख सुधीर सिंह, जिला मंत्री दीपक शुक्ला, जिला सत्संग प्रमुख रनधीर सिंह, सुनील शर्मा नगर मंत्री, राजा भईया जिला प्रचार प्रमुख विनय कुमार सह जिला शारीरिक प्रमुख, महेश सिंह सामाजिक सदभाव प्रमुख है, प्रखंड सह संयोजक बजरंग दल श्याम कुमार व योगेन्द्र सिंह,मंगल सिंह, शिवम् सिंह, वैभव सिंह, रचित सिंह,र सक्सेना, रामबाबू सिंह, प्रखंड समरसता अनुज यादव, प्रखंड सह सत्संग प्रमुख पवन यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष बृजपाल बर्मा, मनोज, रमेश, लालाराम, मानवेन्द्र,, अरविंद, मुरारी लाल, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार,रबी बाबू, रामसेवक प्रजापति, सुनील प्रजापति, राजेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# निजी हाथों में हाथरस जंक्शन स्टेशन पूछताछ केंद्र की कमान, चार कर्मियों की तैनाती

हाथरस। हाथरस जंक्शन स्टेशन पर 24 घंटे पूछताछ केंद्र पर ट्रेनों की ताजा जानकारी दी जाएगी। प्रयागराज मंडल ने हाथरस सहित लगभग 25 रेलवे स्टेशनों की पूछताछ व्यवस्था को निजी हाथों में दे दिया है। हाथरस जंक्शन स्टेशन पर भी निजी कंपनी के चार कर्मियों को तैनाती दी गई है। हाथरस जंक्शन स्टेशन पर अब ट्रेनों की जानकारी के लिए यात्रियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। पूछताछ केंद्र पर हर वक्त एक कर्मचारी मौजूद होगा, जो यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी दिए जाने के साथ ही समय–समय पर उद्घोषणा भी करेगा। रेलवे ने अब स्टेशन के पूछताछ व्यवस्था को निजी हाथों में सौंप दिया है। रेलवे स्टाफ की कमी का खामियाजा अक्सर यात्रियों को भुगतना पड़ता है। रेलवे पूछताछ केंद्र पर ट्रेनों की जानकारी के लिए अक्सर स्टाफ की कमी सामने आती थी। स्टेशन पर टिकट चेक करने वालों को ही पूछताछ केंद्र की जिम्मेदारी दी जाती थी। जिसके चलते अक्सर समस्या सामने आती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हाथरस जंक्शन स्टेशन पर 24 घंटे पूछताछ केंद्र पर ट्रेनों की ताजा जानकारी दी जाएगी। प्रयागराज मंडल ने हाथरस सहित लगभग 25 रेलवे स्टेशनों की पूछताछ व्यवस्था को निजी हाथों में दे दिया है। हाथरस जंक्शन स्टेशन पर भी निजी कंपनी के चार कर्मियों को तैनाती दी गई है। यात्रियों को बेहतर सुविधा दिए जाने के लिए हाथरस जंक्शन ही नहीं बल्कि 20–25 स्टेशनों पर आउटसोर्सिंग के जरिए काम कराया जाएगा। सेवानिवृत्ति के कारण कर्मियों की कमी हो रही है। उसे लेकर ये कदम उठाया गया है।

## गाली–गलौज के साथ जमकर मारपीट, झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित

हाथरस। गांव खेड़िया टप्पा में खाद के गड्ढे भरे जाने को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए। दोनों पक्षों में पहले गाली–गलौज हुई और फिर मारपीट होने लगी। दोनों पक्ष एक–दूसरे को जान से मारने की धमकी देने लगे। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों में गाली–गलौज के साथ जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने अवैध असलाह निकाल लिए। गली में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। मारपीट और हथियार लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हो रहा है। गांव खेड़िया टप्पा में खाद के गड्ढे भरे जाने को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए। दोनों पक्षों में पहले गाली–गलौज हुई और फिर मारपीट होने लगी। दोनों पक्ष एक–दूसरे को जान से मारने की धमकी देने लगे। मारपीट के बाद एक पक्ष तमंचे और पोनियां निकाल लाया तथा हथियारों को लहराने लगे। घटना में महिलाएं भी शामिल हो गईं और एक–दूसरे को गाली गलौज कर मारपीट करने लगीं।